# कोरोनावायरस बिमारी (कोविड-19)

कोरोनावाइरस बिमारी (कोविड-19) एक श्वसन संबंधी बीमारी है जो SARS-CoV-2a के कारण होती है। कोविड-19 के लक्षण फ्लू और सामान्य सर्दी सहित अन्य श्वसन संबंधी बीमारियों के समान हैं।

## बीसी की कोविड-19 टीकाकरण योजना

बी.सी. की कोविड-19 टीकाकरण योजना जीवन बचाने और कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए डिज़ाइन की गई है। वैक्सीन की अनुमोदन प्रक्रिया, और वैक्सीन वितरण के लिए बीसी की योजना जैसे विषयों सहित, कोविड-19 वैक्सीनों के बारे में अधिक जानने के लिए, कोविड-19 टीकाकरण देखें।

गैर-स्वास्थ्य संबंधी कोविड-19 जानकारी और सेवाओं के लिए, 1-888-COVID-19 (1-888-268-4319) पर कॉल करें। सेवा सुबह 7:30 से रात 8 बजे तक उपलब्ध है।

## लक्षण

कोविड-19 लक्षणों, यदि आप बीमार महसूस कर रहे हैं, तो क्या करें और जटिलताओं के लिए उच्च जोखिम में कौन हो सकता है, के बारें में जानने के लिए देखें

- बीसी सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल: यदि आपको कोविड-19 है
- बीसी सेंटर फॉर डिज़ीज़ कन्ट्रोल: लक्षण
- कोविड-19 के लक्षण

## स्व-अलगाव और कोविड-19

स्व-अलगाव का मतलब है घर में रहना और उन परिस्थितियों से बचना, जहाँ आप दूसरों के संपर्क में आ सकते हैं। यह बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण उपाय है। यदि आपके लक्षण हैं और कोविड-19 के लिए पॉज़िटिव टेस्ट हुए हैं, तो आप अपनी बीमारी का प्रबंधन उसी तरह कर सकते हैं जैसे आप इन्फ्लूएंजा (फ्लू) जैसे अन्य श्वसन संक्रमणों का प्रबंधन करते हैं। यदि आप बीमार महसूस करते हैं तो घर पर रहें और संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए रोकथाम के उपाय करें। ऐसे कई कारण हैं जिनकी वजह से आपको स्व-अलगाव करना चाहिए या करने की ज़रूरत हो सकती है। स्व-अलगाव के बारे में अधिक जानकारी के लिए देखें:

- बीसी सेंटर फॉर डिज़ीज़ कन्ट्रोल: आत्म अलहदगी (Self-Isolation) और आत्म-निगरानी (Self-Monitoring)
- कैनेडा सरकार: कोविड-19 - रोकथाम और जोखिम

## स्व-निगरानी

स्व-निगरानी का अर्थ है कि आपका इस बात पर ध्यान देना कि आप कैसा महसूस करते हैं। सभी को नियमित रूप से कोविड-19 के लक्षणों की निगरानी करनी चाहिए। अपना तापमान रिकॉर्ड करें अगर आपको ठंड लग रही है या बुखार महसूस हो रहा है।आपको बच्चों या उन करीबी संपर्कों की स्व-निगरानी करने में मदद करने की ज़रूरत हो सकती है जो वृद्ध हैं या कालानुक्रमिक रूप से बीमार हैं।

इस बारे में और जानें कि किसे स्व-निगरानी करने की आवश्यकता है, बीसी सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल: आत्म अलहदगी (Self-Isolation) और आत्म-निगरानी (Self-Monitoring) देखें।

## परिक्षण

कोविड-19 परीक्षण की सिफारिश तब की जाती है जब एक पॉज़िटिव या नेगेटिव परिणाम उपचार या देखभाल के बारे में निर्णय के बारे में सूचित करेगा।

कोविड-19 के लक्षणों वाले लोगों के लिए टेस्टिंग की सिफारिश की जाती है और जो:

- अस्पताल में भर्ती हैं
- गर्भवती हैं
- अधिक गंभीर बीमारी का खतरा है और वर्तमान में उपचार के लिए पात्र हैं

टैस्टिंग के बारे में और जानने के लिए, देखें:

- बीसी सेंटर फॉर डिज़ीज़ कन्ट्रोल: कोविड-19 टैस्ट कब करवाएं
- टैस्टिंग (कोविड)

## इलाज

कोविड-19 के लिए कुछ विशिष्ट उपचार उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए, बीसी सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल: उपचार देखें।

यह पता लगाने के लिए कि क्या उपचार आपके लिए सही हो सकता है, ब्रिटिश कोलंबिया सरकार के कोविड-19 उपचार पृष्ठ पर जाएँ।

स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से मुलाकात के दौरान, कृपया उनको बताएँ

- अपने लक्षण
- आप कहाँ यात्रा कर रहे थे या रह रहे थे
- आपका एक बीमार व्यक्ति से करीबी या लंबे समय तक संपर्क हुआ है, खास तौर पर यदि उनको बुखार, खांसी या सांस लेने में मुश्किल थी

## कैनट्रीटकोविड (CanTreatCovid) अध्ययन

कैनट्रीटकोविड अध्ययन बी.सी. में वयस्कों के लिए खुला है:

- जिन्होंने पिछले 5 दिनों में शुरू होने वाले लक्षणों के साथ कोविड-19 के लिए पॉज़िटिव टैस्ट हुए थे, और
- जो 18 से 49 वर्ष की आयु के हैं और पुरानी स्थिति(यों) से ग्रस्त हैं या स्वास्थ्य स्थिति की परवाह किए बिना 50 वर्ष और उससे अधिक उम्र के हैं

अध्ययन में भाग लेने वाले लोग कोविड-19 दवाएं (पैक्सलोविड सहित) प्राप्त करने के पात्र हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए CanTreatCovid पर जाएँ या 1-888-888-3308 पर कॉल करें। कैनट्रीटकोविड अध्ययन कनेडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ रीसर्च, हेल्थ कैनेडा और पब्लिक हेल्थ एजेंसी

ऑफ कैनेडा द्वारा समर्थित है। CanTreatCovid भर्ती पोस्टर फार्मेसियों या क्लीनिकों में पोस्ट करने के लिए डाउनलोड के लिए उपलब्ध है।

## अपने संक्रमण के जोखिम को घटाएँ

अपने संक्रमण के जोखिम को कैसे घटाना है के बारे में और जानें।

## यात्रा और कोविड-19

नवीनतम यात्रा सलाह जानकारी के लिए देखें:

- बीसी सेंटर फॉर डिज़ीज़ कन्ट्रोल: यात्रा
- कैनेडा सरकार: अंतर्राष्ट्रीय यात्रा सलाह और परामर्शों के लिए

## लंबा कोविड

यदि आपकी प्रारंभिक बीमारी के 3 महीने से अधिक समय के बाद भी आपके लक्षण हैं, तो आप कोविड के बाद, या लंबे समय तक कोविड का अनुभव कर सकते हैं। प्रोविंशियल हेल्थ सर्विस अथॉरिटी: पोस्ट-कोविड-19 इंटरडिसिप्लिनरी क्लिनिकल केयर नेटवर्क क्लिनिकल केयर, एजुकेशन (ऑनलाइन रिसोर्स शीट और वीडियो), और आपके रिकवरी में मदद करने के लिए रिसर्च के अवसरों तक पहुंच प्रदान करता है।

## मानसिक स्वास्थ्य

कोविड-19 महामारी से उलझन, उदासी और चिंता की भावनाएँ पैदा हो सकती हैं। अनिश्चितता का सामना करने पर ये सामान्य भावनाएं हैं। अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना और खुद पर अपने प्रति दयालु होना महत्वपूर्ण है। मानसिक स्वास्थ्य और कोविड-19 के बारे में अधिक जानें:

- बीसी सेंटर फॉर डिज़ीज़ कन्ट्रोल: कोविड-19 के दौरान मानसिक तंदुरुस्ती
- कैनेडा सरकार: अपने मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल (PDF 371KB)
- मानसिक स्वास्थ्य और कोविड-19

## बच्चे, युवा और परिवार

यदि आपको कोविड-19 है और आप गर्भवती हैं या स्तनपान करा रही हैं, तो आपके अपने स्वास्थ्य और अपने बच्चे के स्वास्थ्य के बारे में प्रश्न हो सकते हैं। आपके बच्चों के घर में रहने के दौरान आपको पालन-पोषण के बारे में अतिरिक्त चिंताएँ हो सकती हैं। कोविड-19 के दौरान बच्चों, युवाओं और परिवारों के बारे में और जानें।

## उपयोगी संसाधन

विश्वसनीय स्रोतों की एक सूची के लिए, जिनका उपयोग हम हैल्थलिंकबीसी **8-1-1** पर ब्रिटिश कोलंबियाई लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और सलाह प्रदान करने के लिए करते हैं, कोविड-19 के लिए उपयोगी संसाधन देखें।

अन्य भाषाओं में कोविड-19 के बारे में जानकारी के लिए देखें:

- ब्रिटिश कोलंबिया सरकार: अतिरिक्त भाषाओं में कोविड-19 की जानकारी
- बीसी सेंटर फॉर डिज़ीज़ कन्ट्रोल: अनुवादित सामग्री

अमेरिकी सांकेतिक भाषा के वीडियो भी उपलब्ध हैं।

यदि आपकी अपनी सेहत के बारे में चिंताएँ या प्रश्न हैं, तो हेल्थलिंकबीसी, (**8-1-1**) से किसी भी समय संपर्क करें या अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें।

**आखरी बार अपडेट किया गया**: 27 जुलाई, 2023

कोरोनावायरस बीमारी (कोविड-19) हेल्थ फीचर में दी गई जानकारी बीसी सेंटर फॉर डिज़ीज़ कन्ट्रोल: टैस्टिंग, बीसी सेंटर फॉर डिज़ीज़ कन्ट्रोल: लक्षण, बीसी सेंटर फॉर डिज़ीज़ कन्ट्रोल: मास्क, बीसी सेंटर फॉर डिज़ीज़ कन्ट्रोल: यात्रा, बीसी सेंटर फॉर डिज़ीज़ कन्ट्रोल: कोविड-19 वैक्सीन, कैनेडा सरकार: यात्रा, परीक्षण, और बार्डर और कैनेडा सरकार: कोविड-19 कैनेडा में प्रवेश करने वाले वैक्सीनेटिड यात्री पृष्ठों तक 27 जुलाई, 2023 को पहुंचा गया था।